प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 09.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में इकतीस माओवादी मारे गए—गोलीबारी में दो जवान शहीद—दो अन्य जवान घायल।

2— प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत परसों ग्यारह फरवरी को होगा मतदान—आज रात बारह बजे के बाद थम जाएगा प्रचार अभियान।

3— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दस फरवरी को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे।

4— उत्तरप्रदेश के सोनभद्र में हुए सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के चार लोगों की मौत हो गई है।

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में इकतीस माओवादी मारे गए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के दो जवान भी शहीद हुए हैं। इनमें से एक बालोद जिले के भाटापारा का रहने वाला डीआरजी का हेड कांस्टेबल नरेश ध्रुव और दूसरा जवान एसटीएफ का आरक्षक वासित रावटे हैं, जो डौंडी बालोद का रहने वाला है। वहीं, दो अन्य जवान घायल हुए हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है। दोनो घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## माओवादी आत्मसमर्पण

इस बीच, नारायणपुर जिले में तीन माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। ये माओवादी कुतुल एरिया कमेटी के सदस्य बताए जा रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस—पच्चीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया।

## परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दस फरवरी को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ के स्कूलों में भी छात्र—छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा है। भिलाई स्थित शंकराचार्य स्कूल के छात्र कमल भोंसले
ने प्रधानमंत्री की इस पहल की सराहना की है।

वहीं, एक अन्य छात्र सुयश कापसे ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हमारा मनोबल बढ़ाता है।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए तीन करोड़ छह लाख विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## महाकुंभ–राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल दस फरवरी को प्रयागराज में महाकुंभ जाएंगी। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति
अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की गहनता के बारे में जानकारी लेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी।

## राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में आज छत्तीसगढ़ को मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला टीम इवेंट में रजत पदक हासिल हुआ है। इस महिला टीम में कबीरधाम की मोनिका साहू, दुर्ग की दिलेश्वरी और इसी जिले की चंद्रकला ओझा ने शूटिंग, दौड़ और तैराकी स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया।
छत्तीसगढ़ ने अड़तीसवीं राष्ट्रीय खेल में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और आठ कांस्य सहित कुल पंद्रह पदक प्राप्त किए है।

## नगरीय निकाय चुनाव–प्रचार

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज रात बारह बजे के बाद प्रचार अभियान थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी घर–घर जाकर लोगों से जनसंपर्क कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार आज रात दस बजे के बाद चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं रहेगी। हालांकि, दस बजे से बारह बजे के बीच बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रचार किया जा सकता है। इसके बाद सार्वजनिक तौर पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकेगा। रात बारह बजे के बाद चुनाव प्रचार के लिए सार्वजनिक सभाएं, जुलूस, नुक्कड़ सभाएं और लाउड स्पीकर का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।
इससे पहले, प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी और दुर्ग में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड–शो किया।
वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और प्रत्याशियों ने भी आज जनसभाएं कर और रैलियां निकालकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश की।

## निकाय चुनाव–विशेष कार्यक्रम

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। इस बार के चुनाव में मतदाता, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईव्हीएम के जरिये एक साथ महापौर–अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान करेंगे। ईव्हीएम के बारे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आकाशवाणी समाचार से चर्चा में ईव्हीएम से मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

श्रोताओं, राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से ली गई इस भेंटवार्ता का प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा कल दस फरवरी को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे।

## नगरीय निकाय–प्रोफाइल

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य के विभिन्न नगर निगमों की प्रोफाइल की श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में आज हम आपको कोरबा नगर निगम के बारे में बताएंगे।

## दुर्घटना

उत्तरप्रदेश के सोनभद्र में हुए सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से वापस रायपुर लौट रहे थे। इसी दौरान सोनभद्र जिले के दरनखाड़ के पास उनका चारपहिया वाहन एक ट्रेलर से टकरा गया।

## निशा यादव–किलिमंजारो पर्वत

बिलासपुर जिले की पर्वतारोही निशा यादव ने अफ्रीका महाद्वीप के किलिमंजारो पर्वत को फतह कर तिरंगा फहराया है। निशा यादव की इस सफलता पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि निशा की यह उपलब्धि प्रदेश के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।
गौरतलब है कि कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री से निशा ने बिलासपुर में मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें सहायता के रूप में तीन लाख पैंतालीस हजार रूपये का चेक प्रदान किया था।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दस फरवरी को भूमकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आदिवासी जननायक अमर शहीद गुंडाधुर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

– मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से
ग्यारह फरवरी तक मध्य और उत्तर छत्तीसगढ के न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>